>

Title: Need to construct a railway bridge at Sujalpur Nagar in Dewas Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh and to formulate an action plan to interlink Narmada and Shipra rivers.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): माननीय सभापति जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र में सुजालपुर नगर है, जिसके बिलकुल मध्य से रेलवे लाइन निकलती है। रोज कम से कम 25 ट्रेनें निकलती हैं और दस घंटे तक शहर असामान्य रहता है। ओवर ब्रिज न होने की वजह से बहुत परेशानी का सामना लोगों को करना पड़ता है। मैं कई बार सदन में इस बात को उठा चुका हूं, लेकिन रेल मंत्रालय के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। मेरा अनुरोध है कि केंद्र सरकार इस तरफ ध्यान दे।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। मध्य प्रदेश में मालवा क्षेत्र सबसे बड़ा है। वैज्ञानिकों ने अनुसंधान में पाया कि मालवा बहुत जल्दी मरूस्थल में बदल जाएगा। मेरा जल संसाधन विभाग से अनुरोध है कि नर्मदा नदी मालवा की प्राण नदी है। मालवा और शिप्रा नदी को जोड़ कर किसानों को सूखे से निजात दिलाई जा सकती है। मेरा अनुरोध है कि जल संसाधन विभाग इस योजना पर काम करे।